EDITION IND ಕನ್ನಡ മലയാളം বাংলা తెలుగు தமிழ் मराठी ગુજરાતી Samayam English Pregatips Adfactors P...

NBT नवभारत टाइम्स By THE TIMES OF INDIA

शेयर न्यूज शेयर बाजार बिजनेस भारत राज्य खेल लाइफस्टाइल धर्म मनोरंजन दुनिया टेक ऑटो वीडियो शिक्षा More शहर

ट्रेंडिंग टॉपिक्स Silver Price in 2026 Company Gifting Flats RBI Repo Rate Cut Tata Chip Manufacturing SME IPO GMP

Hindi News / Business / Share Market / Share News / Anil Agarwal Company Vedanta Return More Than 30 Percent In 2025 Analyst Give Buy Rating

# Vedanta Share Price: अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता के शेयर का कमाल, इस साल दिया धांसू रिटर्न, एक लाख पर कितना फायदा?

Curated By: राजेश भारती | नवभारतटाइम्स.कॉम • 21 Dec 2025, 2:12 pm IST

Subscribe YouTube 12M

Advertisement

Vedanta Share Return in 2025: माइनिंग कारोबारी अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता ने इस साल निवेशकों को खूब रिटर्न दिया है। वहीं एनालिस्ट ने इसे 'बाय' रेटिंग दी है।




वेदांता के शेयर का कितना रिटर्न

आज का AQI नई दिल्ली तापमान वायु गुणवत्ता 359 AQI PM2.5 253 μg/m³ खतरनाक Powered By AQI

Advertisement

**नई दिल्ली:** इस साल सोना, चांदी, तांबा, प्लेटिनम आदि धातुओं ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं इन धातुओं का कारोबार करने वाली कंपनियां भी रिटर्न के मामले में पीछे नहीं रही हैं। इन्हीं में एक अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लिमिटेड ( Vedanta Ltd ) है। वेदांता लिमिटेड ने साल 2025 में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। वहीं इस कंपनी ने हाल ही में डिमर्जर की भी घोषणा की है। अब कंपनी एल्युमिनियम, ऑइल एंड गैस और पावर जैसी अलग-अलग कंपनियों में बंट जाएगी। शेयरधारकों को हर शेयर के बदले नई कंपनी का एक शेयर मिलेगा। एक्सपर्ट ने इस शेयर को 'बाय' की रेटिंग दी है। यानी आने वाले समय में इसमें और तेजी देखी जा सकती है।

शुक्रवार को यह शेयर 0.47% की तेजी के साथ 581.80 रुपये पर बंद हुआ था। शुक्रवार को दिन में कारोबार के दौरान यह शेयर 583.40 रुपये पर पहुंच गया था। यह इसका 52 हफ्ते का हाई था। वहीं इसका 52 हफ्ते का न्यूनतम प्राइस 362.20 रहा। इस आंकडे पर यह शेयर 7 अप्रैल को पहुंचा था। इसके बाद इसमें लगातार तेजी

आती गई।


Infosys ADR: क्या है शॉर्ट स्क्वीज? जिसके कारण इंफोसिस एडीआर के शेयर ने अमेरिका में मचाया तूफान, जानें पूरी डिटेल

## इस साल कितना दिया रिटर्न?

इस साल 1 जनवरी को यह शेयर करीब 444 रुपये पर था। तब से लेकर अगले तीन महीने तक इसमें उतार-चढ़ाव बना रहा। मार्च के अंत में इसमें तेजी गिरावट आई जो अप्रैल के शुरुआती हफ्ते तक रही। अप्रैल के दूसरे हफ्ते से इसमें तेजी आनी शुरू हो गई। शुक्रवार को यह शेयर करीब 582 रुपये (581.80 रुपये) पर बंद हुआ। ऐसे में देखें तो इस शेयर ने इस साल करीब 31 फीसदी का मुनाफा दिया है।

अगर 1 जनवरी 2025 को आपने वेदांता के एक लाख रुपये के शेयर खरीदे होते तो उनकी वैल्यू बढ़कर आज 1.31 लाख रुपये हो चुकी होती। यानी आपको एक लाख रुपये के निवेश पर इस साल 31 हजार रुपये का फायदा हो चुका होता।

**YOU MAY LIKE** SPONSORED LINKS BY TABOOLA




**ICICI Direct - One App for multiple investments**

**Open ICICI 3-in-1 Account**

आपके पसंद की स्टोरी

अमेरिका से बाहर मत जाना! H-1B पर नौकरी करने वालों को बड़ी...

ऋतिक रोशन की कौन मम्मी-कौन बहन, पहचानना हुआ मुश्किल, सूट में बेटी...

गौरव खन्ना का यूट्यूब चैनल दोबारा शुरू, 6 दिन पहले 24 घंटे में हो गया ...

गुना: 50 हजार की उधारी के बदले में दे दो नाबालिग बेटी, पिता ने इनकार कि...

## कितना बचा है शेयर में दम?

कई एक्सपर्ट ने इस शेयर को बाय यानी खरीदने की रेटिंग दी है। इसे कवर करने वाले 14 एनालिस्ट्स में से 10 ने इसे खरीदारी और 4 ने होल्ड रेटिंग दी है। किसी भी एनालिस्ट ने इस शेयर को बेचने की सलाह नहीं दी है। यह दिखाता है कि इस शेयर में अभी काफी दम बचा है।

रेकमेंडेड खबरें >



भारत का खौफ; चीन-तुर्की के पास पहुंचा पाकिस्तान, सीमा पर तैनात किए ड्रोन डिटेक्शन-जैमिं...

Advertisement




Advertisement








Javed Akhtar पर Nazia Elahi Khan क्यों भड़कीं, God के वजूद पर कैसा कमेंट किया ...



H-1B और H-4 वीजा चाहने वालों के लिए अमेरिका का नया संदेश, जानें क्या कहा



LG के 20 साल पुराने AC से निकला 24 कैरट गोल्ड, अब पुराना एसी ढूंढ रहे लोग, इस...



बिहार में सवर्णों को बड़ी राहत की तैयारी: EWS पुरुषों के लिए 40 वर्ष हो सकती है नौकरी पाने की...

'तारक मेहता..' की भूतनी से

## खास ऑफ़र्स >




वहीं ब्रोकरेज फर्म Citi ने वेदांता पर अपनी 'बाय' रेटिंग बरकरार रखी है। उसका कहना है कि पैरेंट कंपनी पर कर्ज का स्तर अभी काबू में है। इसके अलावा एल्युमिनियम के LME दामों में संभावित तेजी, प्रोडक्शन वॉल्यूम में बढ़ोतरी, लागत में कमी और डीमर्जर- ये सभी फैक्टर आगे चलकर शेयर के लिए अच्छा अपसाइड दे सकते हैं।

Advertisement




### क्या करती है कंपनी?

वेदांता लिमिटेड कई तरह के प्राकृतिक संसाधन निकालती और बेचती है। यह कंपनी खनिज, तेल और गैस के कारोबार में लगी हुई है। वेदांता जिंक, सीसा, चांदी, तांबा, एल्यूमीनियम, लौह अयस्क और तेल व गैस की खोज, उत्पादन और बिक्री करती है। यह कंपनी भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, आयरलैंड, लाइबेरिया और यूएई जैसे देशों में भी काम करती है। बीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक कंपनी का मार्केट कैप 2,27,506.38 करोड़ रुपये है।

**डिस्क्लेमर:** इस विश्लेषण में दिए गए सुझाव व्यक्तिगत विश्लेषकों या ब्रोकिंग कंपनियों के हैं, एनबीटी के नहीं। हम निवेशकों को सलाह देते हैं कि किसी भी निवेश का निर्णय लेने से पहले प्रमाणित विशेषज्ञों से परामर्श कर लें। क्योंकि शेयर बाजार की परिस्थितियां तेजी से बदल सकती हैं।




लेखक के बारे में
**राजेश भारती**
राजेश भारती, नवभारत टाइम्स डिजिटल में असिस्टेंट न्यूज़ एडिटर है। वे पिछले 16 वर्षों से बिजनेस, पर्सनल फाइनेंस, शेयर मार्केट, क्रिप्टोकरेंसी, गैजेट्स, हेल्थ आदि से जुड़े मुद्दों को कवर कर रहे हैं। राजेश भारती पिछले 1 साल वर्षों से एनबीटी डिजिटल के साथ जुड़े हैं। वह नवभारत टाइम्स न्यूजपेपर में भी 5 साल से ज्यादा ... और पढ़ें

कन्वर्सेशन शुरू करें | कमेंट पोस्ट करें

YOU MAY LIKE PROMOTED LINKS BY TABOOLA

**"No.1 Trader Mr. Hemant Reveals His Winning Strategy for Free!**
IIT Alum & Ex-Citi Banker's Swing Trading Secrets — Learn Live Free!
TradeWise
Learn More


मिलिए, गोकुलधाम वासियों का नाक में किया दम, लेकिन असल...


'पहाड़ बुला रहे हैं' का असली सच देख लो! तंबू, प्लास्टिक और गंदगी का ढेर... एवरेस्ट का हाल देख ...


'सबकी चल रही जांच...', H-1B और H4 वीजा को लेकर अमेरिका ने जारी किया अलर्ट, भारतीय...


गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट ने बताए 4 बहुत हेल्दी फल, जानें कौन सा किस अंग को बनाता है हेल्दी


शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर रिटायर्ड बैंकर से 1.35 करोड़ रुपये का फ्रॉड, म...


अनंत अंबानी के वनतारा में मेसी, जामनगर में खत्म हुआ भारत दौरा

Advertisement